Regarding regular railway station in Bateswar, Uttar Pradesh

श्री राजकुमार चाहर **(**फतेहपुर सीकरी**) :** माननीय सभापति जी, भारत रत्न और देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म-शताब्दी वर्ष चल रहा है । मेरा परम सौभाग्य है कि मेरे संसदीय क्षेत्र फतेहपुर सीकरी में माननीय अटल जी का पैतृक गांव है । मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि माननीय अटल जी के गांव बटेश्वर में रेलवे का एक हॉल्ट है । हॉल्ट के स्थान पर एक भव्य स्टेशन बनाया जाए, जहाँ पर अत्याधुनिक सुविधाएं हों । जितनी भी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें चलती हैं, वहाँ पर उनका ठहराव दिया जाए । माननीय अटल जी प्रति यह एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

ताजमहल और फतेहपुर सीकरी के बीच में एक सिविल एयरपोर्ट भी बन रहा है । इसलिए ताजमहल, सिविल एयरपोर्ट और फतेहपुर सीकरी तक मेट्रो रेल या मोनो रेल चलायी जाए ताकि जो देश-दुनिया के पर्यटक वहाँ आते हैं, वे पर्यटक सुविधापूर्वक आ सकें और जा सकें ।

धन्यवाद ।